भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.01.2024

महाप्रबन्धक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने दीं नव वर्ष की शुभकामनाएं

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने नूतन वर्ष 2024 के शुभ अवसर पर अपने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न कर्मचारी यूनियन प्रतिनिधियों ओ.बी.सी. तथा एस.सी./ एस.टी. एसोसिएशन के सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

महाप्रबंधक ने प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण के साथ आरेडिका के प्रशासनिक भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिलकर नये साल में नये उमंग एवं उत्साह के साथ कार्य करने एवं उनके परिवार जनों के अच्छे स्वास्थ्य एवं अच्छे जीवन की मंगल कामना की, जिससे आरेडिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों में नव बर्ष के पहले दिन काफी खुशी का माहौल रहा।

नव वर्ष के इस अवसर पर महाप्रबन्धक ने आरेडिका के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं वित्त वर्ष 2022 –23 के दिसंबर माह तक कुल 1202 कोच बनाए जाने जो कि वर्ष 2021–22 के दिसम्बर माह तक हुए कुल उत्पादन से 25 प्रतिशत अधिक है, पर सराहना की तथा सभी को बधाई दी।

उन्होंने नये साल में आने वाले चुनौतियों को सामना करने के लिए सभी विभागों को कदम से कदम मिलाकर साथ काम करने के लिए प्रेरित किया, जिससे आरेडिका को मिलने वाले उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों को अपने हुनर को और विकसित करने, बेहतर भंडारण, निर्यात की नयी संभावनाओं के लिए प्रोत्साहित भी किया।

अनिल श्रीवास्तव 02/01/24

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन–संपर्क अधिकारी